VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

पाठ :- 1 **पाठ का नाम :- राख की रस्सी**

➢ कठिन शब्द

क्र.	शब्द	क्र.	शब्द
1	लोनपो गार	11	धूमधाम
2	तिब्बत	12	प्रस्ताव
3	मंत्री	13	मुश्किल
4	जिंदगी	14	तरीका
5	होशियार	15	असंभव
6	भेड़	16	कहानी
7	संदेश	17	निराश
8	रस्सी	18	चकित
9	लड़की	19	यकीन
10	समझदारी	20	चालाकी

➢ शब्दार्थ:

क्र.	शब्द	अर्थ	क्र.	शब्द	अर्थ
1	चालाकी	होशियारी	6	प्रस्ताव	सुझाव
2	आपबीती	अपने साथ बीती घटना	7	मुसीबत	कठिनाई
3	वक्त	समय	8	विजय	जीत
4	जरा सा	थोड़ा सा	9	हाजिरजवाबी	किसी बात का जवाब होशियारी के साथ देना
5	मशहूर	प्रसिद्ध	10	निराश	उदास

VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

पाठ :- 1 पाठ का नाम :- राख की रस्सी

प्रश्न-उत्तर

प्रश्न १. लोनपो गार कौन था ?

उत्तर : लोनपो गार तिब्बत के बत्तीसवे राजा सोनगवसेन गांपो के मंत्री थे।

प्रश्न 2. लोनपो गार क्यों प्रसिद्ध थे ?

उत्तर : लोनपो गार अपनी चालाकी और हाजिरजवाबी के कारण प्रसिद्ध थे।

प्रश्न 3. लोनपो गार का बेटा कैसा था ?

उत्तर : लोनपो गार का बेटा सीधा - साधा था।

प्रश्न 4. मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा ?

उत्तर : मंत्री ने अपने बेटे को दुनियादारी समझने के लिए शहर भेजा।

प्रश्न 5. लड़की ने जौ के सौ बोरे खरीदने के लिए क्या किया ?

उत्तर : लड़की ने भेड़ो के बाल उतार कर व सींग काट कर बाजार में बेच दिए और उस पैसे से जौ के सौ बोरे खरीद लिए।

प्रश्न 6. लोनपो गार ने अपने बेटे को होशियार बनाने के लिए क्या किया ?

उत्तर : लोनपो गार ने अपने बेटे को होशियार बनाने के लिए सौ भेड़ों के साथ शहर भेजा और कहा कि तुम्हें सौ भेड़ो के साथ जौ के सौ बोरे भी लाना है।

प्रश्न 7. लड़की ने राख की रस्सी कैसे बनाई ?
उत्तर : लड़की ने नौ हाथ लंबी रस्सी ली उसे पत्थर के सिल पर रखा और जला दिया रस्सी जल गई मगर रस्सी के आकार की राख बच गई ।

खाली स्थान भरो

१. लोनपो गार का बेटा <u>सीधा - साधा</u> था।

२. लोनपो गार तिब्बत के <u>बत्तीसवे</u> राजा थे।

३. अगले दिन लड़की ने नौ हाथ लंबी <u>रस्सी</u> ली।

४. लड़की की चतुराई के सामने उसकी <u>चालाकी</u> धरी रह गयी।

५. मंत्री ने अपने बेटे को <u>शहर</u> भेजा ।

VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

पाठ :- 2 **पाठ का नाम:- फसलों का त्योहार**

- **कठिन शब्द**

क्र.	शब्द	क्र.	शब्द
1	फसलों	11	पोंगल
2	खिचड़ी	12	सैलाब
3	त्योहार	13	घुघुतिया
4	हिम्मत	14	स्नान
5	सुस्ताना	15	फरमाइशी
6	खुशनुमा	16	पैदावार
7	उम्मीद	17	मकर संक्रांति
8	सूर्य	18	ठिठुरते
9	अंदाज	19	ढोल मंजीरा
10	उत्साह	20	फुर्ती

शब्दार्थ:

क्र.	शब्द	अर्थ
1	प्रथा	रिवाज
2	कामना	अभिलाषा
3	खुशनुमा	आनंद दायक
4	प्रतीक्षा	इंतजार
5	पैदावार	उपज

VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

पाठ :- 2 **पाठ का नाम:- फसलों का त्योहार**

प्रश्न-उत्तर

प्रश्न 1 मकर संक्रांति का त्योहार कहाँ-कहाँ मनाया जाता है ?

उत्तर 1 मकर संक्रांति का त्योहार उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश में मनाया जाता है । इसे तिल संक्रांत भी कहते हैं।

प्रश्न 2 केरल में फसलों से संबंधित कौन सा त्योहार मनाया जाता है ?

उत्तर 2 केरल में फसलों से संबंधित ओणम त्योहार मनाया जाता है।

प्रश्न 3 सरहुल पर्व कहाँ मनाया जाता है ?

उत्तर 3 सरहुल का पर्व झारखंड में मनाया जाता है।

प्रश्न 4 सरहुल त्योहार में किस वृक्ष की पूजा की जाती है ?

उत्तर 4 सरहुल त्योहार में 'साल' के पेड़ की पूजा की जाती है।

प्रश्न 5 'पोंगला- पोंगल, पोंगला- पोंगल' के स्वर कब सुनाई देते हैं?

उत्तर 5 तमिलनाडु में पोंगल त्योहार के दिन चावल, दूध और गुड़ डालकर उसे पकाने के लिए धूप में रख देते हैं जैसे ही दूध में उफान आता है और दूध चावल मटके से बाहर गिरने लगता है तो 'पोंगला-पोंगल, पोंगला-पोंगल'के स्वर सुनाई देते हैं।

प्रश्न 6 जनवरी माह के मध्य मे लगभग सभी प्रांतों में फसलों से जुड़े त्योहार मनाए जाते हैं किन्ही ५ त्योहारो के नाम लिखे ?

उत्तर 6 जनवरी माह के मध्य मे लगभग सभी प्रांतो मे फसलो से जुड़े कई त्योहार मनाए जाते हैं ।

१ असम --------------> बीहू
२ केरल --------------> ओणम
३ तमिलनाडु --------------> पोंगल
४ पंजाब --------------> लोहड़ी
५ उत्तरप्रदेश --------------> मकर संक्रांति

प्रश्न तुम्हें कौन- सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है और क्यों? इस दिन तुम्हारी दिनचर्या क्या होती है?

उत्तर हमें दिवाली का त्योहार सबसे अच्छा लगता है क्योंकि इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू हो जाती है। बाज़ार सज जाते हैं। हर तरफ अजब सी रौनक होती है।

इस दिन हमारा दिन सुबह नहाने-धोने से शुरू होता है। घर पर सभी लोग मेहमानों का स्वागत करते हैं । मिल कर दावत बनाते हैं । हम खूब खेलते हैं । मिठाइयाँ, खील और पताशे खाते हैं। शाम को लक्ष्मी माता की पूजा करते हैं। पड़ोसियों को मिठाई बांटते हैं । पटाखे चलाते हैं। बड़ा मज़ा करते हैं ।

VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

पाठ :- 3 पाठ का नाम :- खिलौनेवाला

➢ कठिन शब्द

क्र.	शब्द	क्र.	शब्द
1	खिलौनेवाला	11	लोटा थाली
2	पिंजड़ा	12	गुड़िया
3	मोटर गाड़ी	13	तपसी
4	ताड़का	14	सरला
5	तलवार	15	यज्ञ
6	रामचंद्र	16	मनचाही
7	कौशल्या	17	गोद
8	सुंदर	18	पैसे
9	बिल्ली	19	लोटा थाली
10	धनुष बाण	20	टी –सेट

➢ शब्दार्थ:

क्र.	शब्द	अर्थ
1	असुर	दानव
2	तपसी	तपस्या करने वाला
3	पुकारना	आवाज देना
4	वन	जंगल
5	मचलना	जिद्द करना

VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

पाठ :- 3 **पाठ का नाम :- खिलौनेवाला**

संदर्भ-प्रसंग

संदर्भ-प्रसंग सहित पंक्तियों का अर्थ लिखे:-

संकेत - वह देखो माँ आज ------------------------- सर - सर-सर- सर चलने वाली |

संदर्भ - प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्य - पुस्तक रिमझिम की कविता खिलौनेवाला से ली गई है , इसकी रचयिता सुभद्रा कुमारी चौहान है |

प्रसंग - प्रस्तुत पंक्तियों में बच्चा अपनी माँ से खिलौने लेने की बात कर रहा है |

अर्थ- बच्चा अपनी माँ से कहता है कि माँ देखो आज खिलौने वाला फिर से आया है उसके पास कई तरह के खिलौने है जैसे - हरे रंग का तोता ,एक पैसे वाली गेंद और छोटी सी मोटर गाड़ी भी है ,जो सर-सर चलती है।

२ संकेत - पर माँ बिन तुम्हारे ------------------------------ मनचाही चीजें देगा |

संदर्भ - प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्य - पुस्तक रिमझिम की कविता खिलौनेवाला से ली गई है , इसकी रचयिता सुभद्रा कुमारी चौहान है |

प्रसंग - प्रस्तुत पंक्तियों में बच्चा अपनी माँ से दूर न रह पाने की बात कर रहा है।

अर्थ - बच्चा अपनी माँ से कह रहा है , " माँ अगर तुमने मुझे जंगल में जाकर रहने कहा तो में चला जाऊँगा पर तुम्हारे बिना अकेला कैसे रहूँगा , सारा दिन जंगल में बिता कर शाम को किस घर में जाकर रहूँगा , वहाँ कौन पैसे देगा , और रूठने पर कौन मनाएगा , तुम्हारी तरह गोद में बिठाकर कौन मेरी इच्छा पूरी करेगा "।

प्रश्न-उत्तर

प्रश्न 1 खिलौनेवाला कौन-कौन से खिलौने लाया है ?

उत्तर 1 खिलौनेवाला तोता , गेंद, मोटर गाड़ी, सीटी, रेल, गुड़िया, टी सेट, लोटा-थाली, धनुष बाण, तलवार आदि खिलौने लेकर आया है।

प्रश्न 2 कविता में बच्चा कौन से खिलौने लेना चाहता है?

उत्तर 2 कविता में बच्चा तलवार या तीर-कमान खरीदना चाहता है ।

प्रश्न 3 बच्चा तलवार और तीर-कमान क्यों खरीदना चाहता है?

उत्तर 3 ऋषि मुनि यज्ञ कर सके इसलिए वह श्री राम की तरह असुरों/ राक्षसों को मारना चाहता है।

VATSALYA SR.SEC.SCHOOL VIDISHA
PRIMARY SECTION
MAY 2020 PLANNER
CLASS:-5
SUBJECT :- हिंदी

गर्मियों की छुट्टियों की योजना बताते हुए पिताजी को पत्र लिखें

दिनांक:21/4/2020

परीक्षा भवन,

नई दिल्ली।

पूजनीय पिताजी,

सादर चरण-स्पर्श।

आपका पत्र मिला। हमारी गर्मियों की छुट्टियाँ 10 मई से शुरू होने वाली हैं । इन छुट्टियों में एक सप्ताह के लिए स्कूल की ओर से एक दल मसूरी जा रहा हैं। इस दल में मेरे सभी मित्र जा रहे हैं। मुझे भी इसमें जाना हैं। इसके लिए 500 रुपए जमा कराने हैं, शेष खर्च स्कूल उठाएगा। इसमें खूब मौज-मस्ती रहेगी। इसके बाद मैं 20 मई तक घर पहुँच जाऊँगा। घर में रहकर मैं अगले वर्ष की पढ़ाई करूँगा तथा स्वास्थ्य सुधारने की ओर भी ध्यान दूँगा।

आपका प्रिय पुत्र

संजीव